# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक / बे0शि0 / 5755-57 / 2019—20 दिनांक 13.11.19

## कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, स्प्रिंग डेल स्कूल ग्राम धूममानिकपुर विकास खण्ड दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 27.05.2019 द्वारा उक्त विद्यालय की मान्यता को स्थाई करने का अनुरोध किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक /मान्यता/193/2015—16 दिनांक 21.04.2015 द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के लिए अंग्रेजी माध्यम की मान्यता तीन वर्ष की अवधि के लिए अंनतिम रूप से प्रदान की गयी थी। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 419/79—6—2013—18 20)/91 दिनांक 08.05.2013 शिक्षा अनुभाग—6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी हैः—

''प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तो के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गयी है तथा शासनादेश संख्या 89 /अरसठ —3—2018—2041/2018, बेसिक शिक्षा अनुभाग —3 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी 2019 के प्राविधानानित किया गया है कि एक वर्ष के पश्चात मान्यता से सम्बन्धित नियमो/शर्तो का पुनः परीक्षण किया जायेगा और आर0टी0आई के अनुसार विद्यालय चलते रहने पर एक वर्ष पश्चात विद्यालय को स्थायी मान्यता प्रदान कर दी जायेगी।

अतः उपरोक्त दोनों शासनादेश एवं प्रबन्धक द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ उपलब्ध कराये नवीनतम प्रपत्र एवं प्रार्थना पत्र के आधार पर स्प्रिंग डेल स्कूल ग्राम धूममानिकपुर विकास खण्ड दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर जिसका मान्यता कोड संख्याक जी0जे0एच0एस0—123 है, की मान्यता को शासनादेशानुसार स्थायी माना जायेगा एवं भविष्य में मान्यता पत्रांक /मान्यता/193/2015—16 दिनांक 21.04.2015 में उल्लिखित समस्त शर्तो/मानको का अनुपालन एवं शासन द्वारा जारी किये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे। विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्वान्तो का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा

भवदीय,

(बालमुकुन्द प्रसाद)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

पृ0सं0 / बे0शि0 / /2019—20 उक्तवत।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रथम मण्डल मेरठ।

2.खण्ड शिक्षा अधिकारी दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।

3 प्रबन्धक, स्प्रिंग डेल स्कूल ग्राम धूममानिकपुर विकास खण्ड दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।